प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को नये अंदाज में करेंगे परीक्षा पे चर्चा, छात्र–छात्राओं को तनाव मुक्त परीक्षा के देंगे मंत्र, 12 अन्य हस्तियां भी देंगे मार्गदर्शन।
- झारखंड हाईकोर्ट ने अवैध रुफ टॉप बार पर कार्रवाई का दिया निर्देश, रांची नगर निगम से मांगा स्टेट्स रिपोर्ट, मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को।
- झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो एमआइटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के सम्मेलन में भाग लेने आज जायेंगे पुणे, विधायिका को मजबूत बनाने पर होगी चर्चा।
- झारखंड एकेडमिक काउंसिल आज से जारी करेगा मैट्रिक और इंटर का प्रवेश पत्र, परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 फरवरी से ही होगी। और,
- राजधानी रांची समेत राज्यभर में तापमान में गिरावट से फिर हुई ठंड की वापसी, 10 फरवरी तक रहेगा सर्द हवा का असर।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में एक नये अंदाज में परीक्षार्थियों को तनावमुक्त परीक्षा का मंत्र देते नजर आयेंग। पारंपरिक टाउन हॉल प्रारुप से हटकर प्रधानमंत्री इस वर्ष 35 छात्रों को सुन्दर नर्सरी ले गये और उनसे परीक्षा के दौरान तनाव दूर करने के तौर तरीके पर बातचीत की। 10 फरवरी को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में कुल आठ एपिसोड होंगे। इस दौरान अलग–अलग क्षेत्रों की शीर्ष हस्तियां छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगी। इनमें अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, विश्व चौंपियन मुक्केबाज मैरी कॉम और आध्यात्मिक गुरु सदगुरु शामिल रहेंगे।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में संचालित अवैध रुफ टॉप बार पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम के जवाब पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने इस मामले में रांची नगर निगम से स्टेट्स रिपोर्ट दायर कर अवैध रुफ टॉप बार के खिलाफ की गयी कार्रवाई की जानकारी देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी।

******************

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि श्री मोदी ने देश का कायाकल्प कर दिया है। आज विकास अंतिम व्यक्ति को भी सशक्त बना रहा है। श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस को पीएम मोदी से संविधान का सम्मान करना सीखना चाहिए।

******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस के तीन विधायकों ने नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधायक राजेश कच्छप, सुरेश बैठा और ममता देवी शामिल रहे।

******************

रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों मनोहर टोपनो और सुनील कच्छप के पास से एके–47 राइफल, छह गोलियां और एक कार बरामद किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि घटना को एक महीने की छुट्टी पर आए सेना के जवान मनोहर टोपनो ने अंजाम दिया था।

******************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो एमआइटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के सम्मेलन में भाग लेने आज पुणे जायेंगे। वे 14वें भारतीय छात्र संसद की अध्यक्षता करेंगे। यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन को भी वे संबोधित करेंगे। सम्मेलन में विधायिका को मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। इस सम्मेलन में मंत्री इरफान अंसारी सहित राज्य के कई अन्य विधायक भी शामिल होंगे।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल–जैक आज से मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी करेगा। जैक के नवनियुक्त अध्यक्ष डा. नटवा हांसदा ने पदभार ग्रहण करते ही प्रवेश पत्र जारी करने का आदेश दिया। अब मैट्रिक और इंटर की वार्षिक परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 फरवरी से ही होगी। श्री हांसदा ने परीक्षा आयोजन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा भी की और कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित करने का निर्देश दिया।

******************

प्रयागराज के महाकुंभ में जनजातीय सांस्कृतिक समागम के अंतर्गत जनजातीय युवा कुंभ का आयोजन किया गया। युवा कुंभ में झारखंड समेत देशभर से आठ हजार से अधिक आदिवासी युवाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने युवाओं से सामाजिक समरसता की दिशा में काम करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राज्यों के 25 युवाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने आदिवासी समुदाय के लिए बेहतर काम किया है।

******************

हजारीबाग में पेंटिंग के जरिये बच्चों को शिक्षित करने का प्रयोग अब मॉडल बन चुका है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड की वापसी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर –पश्चिम दिशा से आ रही ठंडी हवा का असर राज्य पर दिखायी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति 10 फरवरी तक कायम रहेगी।

*******************

<u>राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने डा. नटवा के जैक अध्यक्ष बनने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– डॉक्टर नटवा बने जैक अध्यक्ष, आज से जारी होगा मैट्रिक–इंटर का प्रवेश पत्र।
- दैनिक भास्कर लिखता है– सेना के जवान मनोहर ने यूनिट से एके 47 चुरायी, उसी से दो लोगों को मार दी गोली।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं– तीरंदाजी में झारखंड का जलवा, दो स्वर्ण समेत पांच पदक।
- दैनिक जागरण ने लिखा है– रिंग रोड में स्कूटी–बाइट में जोरदार टक्कर, पादरी समेत तीन की मौत।

*************